RAF SECTOR

NEWS CLIP

24/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Swadesh (Bhopal,MP)

107 बटालियन आर.ए.एफ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजली देते हुए सदभावना दिवस मनाया

■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल

ंजय कुमार शर्मा (द्वि.कमा.अधिकारी) कमाण्डेंट-07 बटालियन द्रुत कार्य बल के नेतृत्व में 107 टालियन के समस्त अधिकारियों व जवानों द्वारा भारत ; भूतपूर्व प्रधानमंत्री ाजीव गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना दिवस मनाया। कमाण्डेंट महोदय ने देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से संबंधित अनेक संस्मरण एवं उनकी जीवन यात्रा, देश के समग्र विकास के प्रति उनका दृष्टिकोण इत्यादि पर विस्तारपूर्वक वाहिनी के जवानों को बताया। राजीव गांधी का जन्म '20 अगस्त 1944' को मुम्बई मे हुआ था। इनकी मां, इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री थी, जिनकी हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने ।भारत के शायद सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार में पैदा हुए, राजीव गांधी 40 वर्ष की उम्र में देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने ।प्रधानमंत्री के रूप में उन्होने भारत के भीतर सांप्रदायिक सद्भाव, शांति और राष्ट्रीय अखंडता का प्रचार करने की कोशिश की और उन्हें दुनिया के सद्भावना राजदूत के रूप में जाना जाता था। युवा होने के नाते, उनकी विचार प्रक्रिया आधुनिक थी और वह कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के माध्यम से एक विकसित राष्ट्र का सपना देखते थे। उन्होंने अपने व्यक्तित्व के साथ-साथ अपने प्रेरणादायक शब्दों से कई लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। उन्होन अपने एक अभिभाषण में कहा था कि भारत एक पुरातन देश होने के साथ ही युवा राष्ट्र है। हर जगह के युवाओं की ही तरह हम भी बेचैन है। मैं भी युवा हूं और मेरे भी कई सपने हैं। मैं एक मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर भारत का सपना देखता हूं, एक ऐसा भारत जो दुनिया में मानव सेवा के क्षेत्र में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा हो। कोई भी इसकी कल्पना कर सकता है आज देश उनके सपने पूरे करते हुए एक बेहतर कल की ओर बढ़ रहा है।

Swadesh (Bhopal,MP)

107 बटालियन आर.ए.एफ. एवं ओरिएंटल बैंक ऑफकामर्स ने मिलकर किया वृक्षारोपण लगाए 400 पोधे।

■ **सायंकालीन स्वदेश संवाददाता,** भोपाल

संजय कुमार शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेन्ट (सीसीडी) 107 बटालियन के नेतृत्व में 107 बटालियन रैपिड एक्षन फोर्स तथा ओरिएंटल बैंक आफकॉमर्स शाखा रतनपुर, भोपाल के अधिकारियों के द्वारा सामूहिक वृक्षारोपाण कर 400 पौधो लगाए। इस अवसर पर 107 वीं वाहिनी के अन्य अधिकारीगण/जवानों तथा अरविन्द तिवारी मंडल अध्यक्ष भोपाल एवं श्री अनिल द्विवेदी षाखा प्रबंधक ओरिएंटल बैंक आफकॉमर्स षाखा रतनपुर, भोपाल ने भाग लिया । संजय कुमार शर्मा, (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेन्ट -107 बटालियन आर.ए.एफ.ने वृक्षारोपण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश भारत की संस्कृति एवं सभ्यता वनों में ही पल्लवित तथा विकसित हुई है यह एक तरह से मानव का जीवन सहचर है । वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन बना रहता है वृक्ष अगर ना हो तो सरोवर न ही जल से भरे रहेंगे और न ही सरिता कल कल ध्वनि से प्रभावित होंगी। ऋषि मुनियों ने इन वृक्ष की छांव में बैठकर ही चिंतन मनन करके ज्ञान के भंडार को मानव को सौपा है। वैदिक ज्ञान के वैराग्य में, आरण्यक ग्रंथों का विशेष स्थान है वनों की ही गोद में गुरुकुल की स्थापना की गई थी इन गुरुकुलो में अर्थशास्त्री ,दार्शनिक तथा राष्ट्र निर्माण की शिक्षा ग्रहण करते थे इन्ही वनों से आचार्य तथा ऋषि मानव के हितों के अनेक तरह की खोजें करते थे ओर यह क्रम चला ही आ रहा है । वृक्षारोपण मानव समाज का सांस्कृतिक दायित्व भी है क्योंकि वृक्षारोपण हमारे जीवन को सुखी संतुलित बनाए रखता है। अंत में संजय कुमार षर्मा, (द्वितीय कमान अधिकारी) कमाण्डेन्ट -107 बटालियन ने उपस्थित सभी कार्मिकों तथा ओरिएंटल बैंक आफकॉमर्स शाखा रतनपुर, भोपाल के अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण में भाग लेने के लिये धन्यवाद दिया ।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।